# मांगों को लेकर सर्व कर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के सदस्यों ने कौशल रोजगार निगम से हटाए गए कर्मचारियों का समायोजन किए जाने समेत अन्य मांगो को लेकर रविवार को कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के निवास स्थान के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम कृषि मंत्री को ज्ञापन सौंपकर उनकी मांगे जल्द पूरी किए जाने की मांग की। रविवार को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से जुड़े सैंकड़ो कर्मचारी वरिष्ठ उपप्रधान राकेश धनखड़ के नेतृत्व में अनाज मंडी रादौर में एकत्र हुए और प्रदर्शन करने लगे। इसके बाद प्रदर्शनकारी प्रदर्शन करते हुए नजदीक स्थित कृषि मंत्री के निवास स्थान पर पहुंचे और उन्हें मुख्यामंत्री के नाम अपनी मांगो का ज्ञापन सौंपा।

◆ *कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने मुख्यमंत्री तक कर्मचारियों की बात पहुंचाने का दिया आश्वासन।*



## मांगें नहीं मानने पर सरकार को दी आंदोलन की चेतावनी

■ **कृषि मंत्री ने शिक्षा मंत्री को फोन कर वेतन पर की चर्चा।**

उन्होंने ज्ञापन में कहा कि वह काफी समय से हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगाए कर्मचारियों के हटाए जाने पर उन्हें अन्य समायोजित करने समेत अन्य मांगो को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। मगर अभी तक उनकी मांगे पूरी नहीं की गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में कौशल रोजगार निगम के तहत लगाए गए अध्यापकों को सात महीने से वेतन नहीं मिला है। जिसकी वजह से अध्यापकों को अपने परिवारों का गुजारा चलाना मुश्किल हो रहा है। मौके पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल डांडा को फोन करके वेतन जारी करने के लिए बातचीत की। वहीं, संघ के महासचिव नरेश कुमार, राज्य सचिव मांगा राम व जिला सचिव गुलशन भारद्वाज ने कृषि मंत्री को अवगत करवाया कि प्रांतीय सरकार ने कौशल रोजगार निगम के तहत नियुक्त कर्मचारियों को 58 वर्ष की आयु तक सेवा सुरक्षा देने का आश्वासन दिया था। यह सभी कर्मचारी अपने पदों के लिए योग्यता पूरी करते हैं। इनके काम की आवश्यकता भी मौजूद है। यदि एक स्थान पर आवश्यकता न रही हो तो दूसरे स्थान पर समायोजित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इससे पहले संघ ने गत 11 अप्रैल को प्रदेश भर में सभी उपायुक्तों के माध्यम से ज्ञापन देकर इस बारे में सरकार से आग्रह किया था। मगर इसके बाद भी उनकी मांगे पूरी नहीं की गई हैं। उन्होंने सरकार से तुरंत उनकी मांगे पूरी किए जाने की मांग की। साथ ही उन्होंने मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस अवसर पर रिटायर्ड संघ से उधम सिंह राठी, एसकेएस रादौर ब्लॉक प्रधान दिनेश कुमार,कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, रिंकु, विजय कुमार व विजेंदर आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 150 मरीजों के जांचे नेत्र

**यमुनानगर।** राष्ट्रीय जनसेवा कल्याण सेवा मंच के तत्वावधान में रविवार को शहर के कैंप में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 150 मरीजों के नेत्रों के जांच की और उन्हें निशुल्क दवाईयां व 55 लोगों को चश्में वितरित किए। शिविर का शुभारंभ मंच के प्रदेश अध्यक्ष रोहित वर्मा ने किया।
मंच के प्रदेश अध्यक्ष रोहित वर्मा ने कहा कि नेत्र मानव के लिए महत्वपूर्ण अंग है। मनुष्य को समय-समय पर अपनी आंखों की जांच करवाते रहना चाहिए। क्योंकि इस सुंदर संसार को देखने का सौभाग्य हमें नेत्रों द्वारा ही प्राप्त होता है। शिविर के दौरान नेत्र चिकित्सक डॉ. विजय कुमार ने करीब 150 मरीजों की जांच कर उन्हें संस्थान की ओर से निःशुल्क दवाइयां व चश्मे वितरित किए । मौके पर मंच के रामपाल, सुमेर, गोपी, रविंद्र, मुकेश व सोम पाल इत्यादि भी मौजूद रहे।

### शराबी ने नशे में पत्नी को पीटा, केस दर्ज




**यमुनानगर।** शहर की नई बस्ती जगाधरी में एक व्यक्ति ने शराब के नशे में अपनी पत्नी व बच्चों के साथ मारपीट की। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। नई बस्ती जगाधरी निवासी गुरमीत कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति जोगिंदर शराब का नशा करता है। आरोपी शराब पीकर घर पर जाकर उसके तथा बच्चों के साथ मारपीट करता है। गुरमीत कौर ने बताया कि शनिवार रात आठ बजे आरोपी शराब पीकर घर पर आया। इस दौरान आरोपी उसके साथ मारपीट करने लगा। जब उसके बच्चों ने उसे छुड़वाने का प्रयास किया तो आरोपी ने बच्चों के साथ भी मारपीट की। इसके बाद आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर उसने आरोपी पति के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी जोगिंदर के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

#### गर्मी और हीट वेव से बचाव के लिए सभी विभाग करें पूरा प्रबंध: गुप्ता

# मनरेगा मजूदरों की बने विशेष योजना बिजली व पानी की करें सही व्यवस्था

लू से बचने के लिए छायादार स्थानों पर रहें जरूरत पड़े तो मुंह कपड़े से ढककर ही निकले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मौसम में बढ़ रही गर्मी की तपिश को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। इस संबंध में जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने रविवार को सभी विभागों के प्रभारियों को गर्मी व हीट वेव से लोगों को बचाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाने के निर्देश दिए हैं।

डीसी ने कहा कि दिन प्रतिदिन गर्मी बढ़ने से तापमान में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। इसलिए गर्मी के मौसम में हीट वेव व हीट स्ट्रोक से बचाव को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारी सभी प्रबंध पूर्ण कर लें। उन्होंने ग्रामीण विकास व विकास एवं पंचायतए पंचायती राज संस्थाओं को निर्देश दिए कि वे मनरेगा श्रमिकों के लिए दिन के समय अत्यधिक गर्मी से बचने के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करें। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए भी गर्मी से बचाव के लिए काम के समय का शेड्यूल निर्धारित किया जाए।



### ओआरएस की उपलब्धता करें सुनिश्चित



उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ओआरएस व अन्य जरूरी दवाओं की आपूर्ति की पूर्व स्थिति का अवलोकन करें। उन्होंने सभी स्वास्थ्य संस्थानों में ओआरएस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बिजली कटौती के दौरान पावर बैकअप का प्रावधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हीट अलर्ट और एहतियाती उपाय के बारे आमजन को जागरूक करें।

### पहले करें सूचित

उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को ऊर्जा संरक्षण बारे लोगों में जागरूकता पैदा करने, संवेदनशील क्षेत्रों और जनसंख्या के आधार पर बिजली कटौती के लिए नीति बनाने, अत्यधिक गर्मी के दौरान बिजली की कटौती बारे एक दिन पहले सूचना देने, विभाग के कर्मियों के लिए गाइडलाइन जारी करने, जनस्वास्थ्य, कृषि, स्वास्थ्य संबंधी संस्थानों के लिए पावर बैक अप का प्रावधान करने के निर्देश दिए।

### यह भी दी हिदायतें

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने सिंचाई और जल संसाधन विभाग को नालों की सिल्टिंग और रखरखाव, वाटर वर्क्स टैंकों की क्षमता और तालाबों को भरनेए पेयजल आपूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन और डेयरी विभाग के अधिकारियों को पशुओं को लू से बचाने के लिए पशुपालकों के बीच जागरूकता पैदा करने की हिदायतें दी।

### लू से ऐसे बचें

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने जिलेवासियों को लू से बचने के लिए घर के अंदर तथा छायादार स्थानों पर रहने के लिए आहवान किया। साथ ही उन्होंने लोगों को गर्मी के मौसम में सूती और हल्के रंग के पतले और ढीले कपड़े पहनने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि अधिक पानी वाले मौसमी फल और सब्जियां जैसे तरबूज, खीरा, संतरा आदि खाएं। अगर काम के लिए बाहर जाना आवश्यक हो तो कोशिश करें सुबह या शाम के समय ही जाएं। बाहर जाने पर छाता, टोपी या तौलिये का प्रयोग करें। जरूरत के समय ही घर से निकले अन्यथा घर या छांव के नीचे रहने को प्राथमिकता दें।

### » धान की खेती में वैज्ञानिक तरीकें अपना जरूरी

■ **कृषि विज्ञान केंद्र दामला का कृषि विस्तार कार्यक्रम।**

**यमुनानगर।** कृषि विज्ञान केंद्र दामला में कृषि विस्तार कर्मचारियों के लिए डीडीए कार्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विस्तार कर्मचारियों को वैज्ञानिक खेती द्वारा धान की सीधी बिजाई पर प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. संदीप रावल ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। उन्होंने कहा कि आज का जल, जीवन देगा कल के संदेश को ध्यान में रखते हुए हमें जल संचयन और धान की खेती के लिए वैज्ञानिक तरीकों को अपनाना चाहिए। उन्होंने धान की सीधी बिजाई के फायदों और इसे अपनाने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एक ही गहराई पर बार बार जुताई करने और धान की फसल में कद्दू किए जाने से भूमि की गहराई में कठोर परत बन जाती है। इससे भूमि में पानी का रिसाव नहीं हो पाता और बरसात का पानी खेत से बहकर नदी नालों के माध्यम से व्यर्थ चला जाता है। जिससे भूजल स्तर का विस्तार नहीं हो पाता। धान की सीधी बिजाई भूमि की संरचना के लिए उपयुक्त है। क्योंकि इसमें मिट्टी की जुताई कम होती है। जिससे मिट्टी की संरचना बनी रहती है और मिट्टी का क्षरण कम होता है। इससे भूमि की उर्वरकता और जल धारण क्षमता भी बनी रहती है। इस अवसर पर उन्होंने धान की विभिन्न किस्मों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। डॉ. आराधना बाली ने धान की सीधी बिजाई की विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. नरेंद्र गोयल ने कंप्रेस्ड तरल बायो खाद और बायो स्लरी खाद के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि यमुनानगर डॉ. आदित्य डबास, उप मंडल कृषि अधिकारी डॉ. अजय, तकनीकी सहायक डॉ. करण सैनी आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** अनाज मंडी में आई गेहूं की साफ सफाई करते हुए मजदूर।

## निर्धारित मानदंडों के अनुसार हो रही गेहूं की खरीद: डीसी

■ **जिले की मंडियों में अब तक 3,150 80 मीट्रिक टन गेहूं की सरकारी रेट पर की गई खरीद।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला की अनाज मंडियों में गेहूं की आवक लगातार जारी है। सभी अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार सुचारू रूप से 2425 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी जा रही है। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुपा ने रविवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि चालू रबी सीजन में अब तक जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में 3 लाख 15 हजार 80 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। जिसमें जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा एक लाख 17 हजार 515 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा एक लाख 62 हजार 319 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउस कारपोरेशन द्वारा 35 हजार 246 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिले में तेरह अनाज मंडियां हैं। जिनमें प्रताप नगर अनाज मंडी में सबसे अधिक 50 हजार 73 मीट्रिक टन व यमुनानगर अनाज मंडी में सबसे कम कुल 287 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

बिलासपुर अनाज मंडी में 33 हजार 897 मीट्रिक टन ,छछरौली मंडी में 40 हजार 709 मीट्रिक टन, गुमथला राव मंडी में 7 हजार 761 मीट्रिक टन, जगाधरी मंडी में 45 हजार 743 मीट्रिक टन, जठलाना मंडी में 5 हजार 231 मीट्रिक टन,खारवन मंडी में 5 हजार 826 मीट्रिक टन, सरस्वती नगर में 42 हजार 3 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी।

रादौर में 42 हजार 650 मीट्रिक टन, रणजीतपुर मंडी में 12 हजार 198 मीट्रिक टन , रसूलपुर मंडी में 8 हजार 810 मीट्रिक टन व साढौरा मंडी में 19 हजार 892 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। जिला उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी अनाज मंडियों में खरीदी गई गेहूं का तुरंत उठान करवाए जाने व मंडियों में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने के निर्देश दिए।

## ग्लोबल इंस्टीट्यूट की तनु ने जीती प्रतियोगिता

■ **राष्ट्रीय टेक्नोलॉजी दिवस पर कार्यक्रम**

**रादौर।** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में रविवार को राष्ट्रीय टेक्नोलॉजी डे मनाया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। वहीं, कार्यक्रम की कन्वीनर हरप्रीत कौर ने अध्यक्षता की।
हरप्रीत कौर ने बताया कि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रा तनु ने प्रथम, प्रीति ने द्वितीय, सिमरन व यश्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, रंगोली प्रतियोगिता में कशिश एंड ग्रुप ने प्रथम, यश्वी एंड ग्रुप ने द्वितीय व कीर्ति एंड ग्रुप ने तृतीय स्थान हासिल किया। टेक्नो क्विज प्रतियोगिता में सजर एंड मामून की टीम बी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विजेताओं को सम्मानित किया गया। कन्वीनर हरप्रीत कौर ने मौके पर विद्यार्थियों को भारत में तकनीकी प्रगति के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर कई विद्यार्थियों ने रचनात्मकता व नवाचार कौशल का प्रदर्शन करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सस्टेनेबल एनर्जी व साइबर सिक्योरिटी जैसे विषयों पर अपने विचार प्रक्ट किए। संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने विद्यार्थियों को तकनीकी नवाचार की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी और आयोजन की सफलता हेतु आयोजन समिति की सराहना की। विभागाध्यक्ष कोमल आहूजा ने विद्यार्थियों को नेशनल टेक्नोलॉजी डे की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज का युग तकनीक का युग है।



## गांवों का हो रहा संपूर्ण विकास: अग्नि विजय

■ **वाइस चेयरमैन ने जठलाना में किया वाल्मीकि चौपाल में शेड का उद्घाटन।**

**रादौर।** जिला परिषद के वाइस चेयरमैन अग्नि विजय सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शहरी समेत ग्रामीण इलाकों में पूर्ण रुप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने रविवार को जठलाना गांव स्थित वाल्मीकि चौपाल में दस लाख रुपये की लागत से बनाए गए शैड के उद्घाटन करते हुए कहे।

परिषद के वाइस चेयरमैन अग्नि विजय सिंह ने कहा कि वाल्मीकि चौपाल में शैड के बनने से लोगों को लाभ होगा। क्योंकि चौपाल में शैड नहीं होने से लोगों को अपने धार्मिक व अन्य कार्यक्रमों को गर्मी, बारिश व सर्दी में आयोजित करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश भर में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इसमें चाहे फिर शहरी हो या फिर ग्रामीण इलाका हो। सभी जगह विकास कार्य समान रुप से करवाए जा रहे हैं। वाइस चेयरमैन अग्नि विजय सिंह ने मौके पर महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति के समक्ष पुष्प अर्पित कर नमन किया और आर्शीवाद लिया। परमजीत सिंह, जरनैल सिंह व राजेंद्र सिंह आदि ने बताया कि लंबे समय से वाल्मीकि बस्ती में शादी, विवाह व भंडारा आदि करने के लिए कोई उचित प्रबंध नहीं था। बरसात आने पर हर कार्यक्रम में बाधा आ जाती थी। इस मौके पर एडवोकेट विवेक चौहान, पूर्व सरपंच आदित्य शर्मा, सरपंच वीर सिंह, भूषण लाल, गुरनाम सिंह, कृष्ण कुमार, सोनू वाल्मीकि, महेंद्र कुमार, सेठपाल, शेर सिंह व लालीराम वाल्मीकि मौजूद रहे।



## गैर कानूनी तरीके से लिंग की जांच करने पर होगी कार्रवाई: डॉ. परमार

■ **सीएचसी में एसएमओ ने निजी चिकित्सकों के साथ की बैठक**
■ **प्राइवेट डॉक्टर्स अपने क्षेत्र में रखें विशेष निगरानी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निजी चिकित्सकों की आयोजित बैठक में क्षेत्र में गिरते लिंगानुपात पर चिंता व्यक्त की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्र के एसएमओ डॉ. विजय कुमार ने की।

एसएमओ डॉ. विजय परमार व दंत सर्जन डॉ. पल्लवी मार्या ने बैठक में पिछले तीन वर्ष का लिंगानुपात सबके साथ सांझा किया व इसके महत्व के बारे में बताया। इस दौरान सभी के साथ इस विषय पर विचार विमर्श करते हुए गिरते लिंगानुपात के कारणों को जानने की कोशिश की गई। एसएमओ डॉ. विजय परमार ने निजी चिकित्सकों को अपने अपने एरिया में खास निगरानी रखने के लिए आहवान किया। उन्होंने कहा कि यदि कोई अल्टासाउंड सैंटर गैरकानूनी रूप से लिंग की जांच करता है या फिर कोई चिकित्सक, अस्पताल गैर कानूनी रूप से एमटीपी गर्भपात करता है या कोई चिकित्सक लड़का होने की शर्तिया दवाई इत्यादि देता है तो इसकी सूचना तुरंत एसएमओ रादौर को दें। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति या समाजसेवी इसकी सूचना प्रवर चिकित्सा अधिकारी तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की जानकारी गुप्त रखी जाएगी। मौके पर प्रवर चिकित्सा अधिकारी द्वारा गर्भवती महिलाओं के द्वारा करवाए जा रहे अल्ट्रासाउंड के महत्व के बारे में भी विस्तार पूर्वक समझाया। मौके पर डॉ. एससी सैनी, डॉ. मनोज राठी, डॉ. सतीष कांबोज, डॉ. संध्या व डॉ. मोनिका आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** सीएचसी रादौर में प्राइवेट चिकित्सकों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसएमओ डॉ . विजय परमार। *फोटो : हरिभूमि।*

#### दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान जगाधरी में संत संकीर्तन कार्यक्रम

# सरल नहीं साधक बनने की यात्रा: साध्वी भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें आसपास के क्षेत्र की साध संगत ने भाग लिया। साध्वी सरस्वती भारती ने संत संत सकीर्तन कार्यक्रम में साधक के गुणों के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान कर सभी को भाव विभोर कर दिया।

साध्वी सरस्वती भारती ने फरमाया कि साधारण व्यक्ति से साधक बनने की यात्रा को तय करना सरल नहीं है । लेकिन इस यात्रा को पूर्ण करके अपने लक्ष्य को प्राप्त करना असंभव भी नहीं है। उन्होंने साधक के गुणों का बहुत सुंदर वर्णन करते हुए कहा कि जो साधना में अपने मन वचन कर्म को साध लेता है वो ही एक सच्चा साधक कहलाता है। साधक संसार में एक साधारण व्यक्ति की तरह ही विचरण करता है। लेकिन वह अंतरात्मा से विरक्त और निर्मोही हो जाता है। जिस पर किसी व्यक्ति, वस्तु या परिस्थिति का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। साधक कीचड़ में खिले हुए कमल के फूल की तरह रहता है । जो पोषण तो कीचड़ से लेता है । लेकिन वह सदैव सूर्य की ओर उन्मुख रहता है। एक साधक अपने जीवन में आने वाली कष्टदायक परिस्थितियों को भी अपनी आध्यात्मिक उन्नति की सीढ़ी बना लेता है। पत्थर से मूर्ति बनने की प्रक्रिया पत्थर के लिए कष्टदायक अवश्य होती है। संघर्ष के द्वारा पत्थर के जीवन की सार्थकता सिद्ध हो जाती है। इसी प्रकार जीवन के संघर्षों को सहते हुए एक साधक निरंतर भक्ति मार्ग का अनुसरण करते हुए गुरु आज्ञा के लिए सदैव तत्पर रहता है। क्योंकि वह जानता है कि केवल गुरू में ही इतना सामर्थ्य हैं कि वे अपने तपोबल के द्वारा उसके प्रारब्ध एवं संचित कर्मों को काटकर उसकी पीड़ा को कम कर सकते हैं। साध्वी सरस्वती भारती ने फरमाया कि एक साधक जो निरंतर ध्यान साधना के दायरे में स्वयं को बांधकर रखता है। वह धीरे धीरे स्वयं को ऐसा बना लेता है कि उस साधक और साध्य में कोई भेद नहीं रहता। एक भक्त बनने के लिए साधक बनना अति आवश्यक है। क्योंकि एक सच्चे साधक के भीतर ही भक्ति पूर्ण रूप से प्रतिष्ठित हो सकती है। ब्रह्मज्ञान की साधना के बिना भक्ति प्राणविहीन शव के समान है। जिससे केवल सर्वश्रेष्ठ होने का भ्रम और दम्भ रूपी दुर्गंध उठती है। श्रद्धा, विश्वास और समर्पण साधक के सर्वश्रेष्ठ गुण हैं जो उसे भक्ति मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने एवं उसकी आध्यात्मिक प्रगति में सहायक होते हैं। मौन व एकांत का सेवन साधक के लिए अति आवश्यक है।





## खबर संक्षेप



### स्कूलों में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**थानेसर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को इस विषय में जागरूक करते हुए कहा कि टेक्नोलॉजी बहुत अच्छा माध्यम है जिससे हम बहुत कुछ सीखते है नई नई चीजों की जानकारी मिलती है।

### 5 जरूरतमंद परिवारों को उपलब्ध कराया राशन



**पिहोवा।** डेरा सच्चा सौदा के मानवता भलाई केंद्र ब्लॉक पिहोवा में डेरा के स्थापना दिवस के उपलक्ष में ब्लॉक स्तरीय नाम चर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो की संख्या में साध संगत ने भाग लिया। नामचर्चा का आयोजन व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री विकास गर्ग की माता निर्मला गर्ग के जन्म दिन के उपलक्ष्य में उनके परिवार द्वारा कराया गया। विकास गर्ग ने बताया कि आज उन्होंने अपने माता जी के जन्मदिन की खुशी और मदर्स डे के उपलक्ष में 5 अति जरूरतमंद परिवारों को एक-एक महीने का राशन भी दिया है।

### अब तक 5,59,032 एमटी गेहूं की खरीद

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र के विभिन्न खरीद केन्द्रों और मंडियों में विभिन्न एजेंसियों द्वारा 5 लाख 59 हजार 032 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। इन खरीद केन्द्रों से 100 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य पूरा किया गया है। उपायुक्त नेहा सिंह ने बातचीत करते हुए कहा कि गेहूं के सीजन में खाद्य आपूर्ति एजेंसी द्वारा 3 लाख 26 हजार 084 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा है।

### गीता कन्या विद्यालय में मनाया मातृ दिवस



**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मातृ दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वल एवं वंदना से हुआ। इस अवसर पर बालिकाओं ने गीत कविता एवं भाषण इत्यादि प्रस्तुत कर अपनी भावनाएं व्यक्त की।

## सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने लगाया रक्तदान शिविर

# हमारी रक्षा करने वाली अपने देश की सेना पर गर्व : रघुबीर

*'एक बूंद रक्त की, भारतीय सेना के नाम' के तहत कार्यक्रम का आयोजन*

- शिविर में 25 युनिट रक्त हुआ एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

एक बूंद रक्त की, भारतीय सेना नाम से सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के पदाधिकारियों ने रक्त एकत्रित करने का अभियान चलाया, ताकि हमारी सेना को जरूरत पडने पर काम आ सके। राकेश मालिक, गुरमीत सिंह व रघुबीर सिंह पूर्व सरपंच दब खेडी ने रक्तदान कर अभियान की शुरूआत की। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय सेना में हवालदार के पद पर कार्यरत गोविंद ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि आज देश को नागरिकों की जरूरत है। उन्होंने आह्वान किया कि जो भी जिस रूप में भी संभव हो देश के काम आए। राकेश कुमार, गुरमीत सिंह व रघुबीर सिंह ने कहा कि हमें अपने देश की सेना और सैनिकों पर गर्व हैं। जो देश की सीमाओं पर अपना बलिदान देकर देश की रक्षा करतें हैं। जिनकी वजह से हम अपने घरों में चैन की नींद सोते हैं। एक बूंद रक्त की, भारतीय सेना के नाम कार्यक्रम के तहत रक्तदान शिविर आयोजन कुरूक्षेत्र बल्ड सैंटर में किया। शिविर में 25 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। संस्था के प्रदेश प्रवक्ता तरुण ने बताया है कि सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा यह 459वां रक्तदान शिविर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पाकिस्तान पर की ऑप्रशेन सिंदूर के नाम से की गई कार्रवाई से देश का हर नागरिक आज अपने आप को गौरविन्नत महसूस कर रहे है। संस्था के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने कहा कि हमें अपनी सेना और उसके अधिकारियों तथा अपने सैनिको पर गर्व है क्योंकि उन्होंने पाकिस्तान द्वारा प्रयोजित आंतकवाद की तीन दिन में कमर तोड कर पाकिस्तान को उसकी औकात दिखा दी।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर रक्तदाताओं में मुख्य रूप से राकेश मालिक, गुरमीत सिंह, रघुबीर सिहं पुर्व सरपंच दब खेडी, सतबीर सिंह, हरपाल सिंह, गुरपन्दिर सिंह, सुनील कुमार, नितेश, जगदीश, विक्रम सिंह, संजीव गुप्ता, कपिल, सोहन लाल, मनोज कुमार, दिवेन्द्र कौर, सगुन, सागर, दिनेश कुमार, चेतन सिंह, सुरेश कुमार, ओम देशवाल, केशव गर्ग आदि मौजूद रहे।


## थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए लगाया रक्तदान शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

दीया संस्था के संस्थापक डॉ. दीपक देवगन और राष्ट्रपति पुलिस पदक से विभूषित पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा देवगन अस्पताल बाबैन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों और गर्भवती महिलाओं सहित अन्य उपचार में आवश्यक रक्त की आपूर्ति हेतु लगाया गया। शिविर में बाबैन थाना प्रभारी बलबीर दत्त और उप निरीक्षक मांगे राम विशेष रूप से पहुंचे हुए थे। डॉ. दीपक देवगन ने आज स्वयं 39 वीं बार रक्तदान किया और युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि रक्त देने से स्वास्थ्य पर अनुकूल प्रभाव पड़ते हैं और प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि रक्तदाता निस्वार्थ भाव से रक्तदान के माध्यम से लोगों का जीवन बचाने का कार्य करते हैं। यह अति पुण्य का कार्य है। विज्ञान आज तक भी रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं खोज पाया है।

## आकाश भैरव पक्षीराज का प्रकट उत्सव पूर्णाहुति और भंडारे के साथ संपन्न



पिहोवा। विधायक मनदीप चटठा को प्रसाद भेंट करते स्वामी खटवांग पुरी।

- विधायक मनदीप चट्ठा सहित अनेक अतिथियों ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

श्रीदक्षिणा काली पीठ मॉडल टाऊन में चल रहे भगवान शिव के छठे अंशावतार आकाश भैरव पक्षीराज का 8 मई से आरंभ हुए प्रकट उत्सव आज पूजा अर्चना, हवन यज्ञ, पूणार्हुति व विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गया। समारोह में हल्का विधायक मनदीप सिंह चटठा, संत महात्माओं सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भगवान पक्षीराज शरभ की पूजा अर्चना कर माथा टेका। श्री महंत बंसी पूरी महाराज ने कहा कि आकाश भैरव भगवान पक्षीराज शरभ की साधना शीघ्र फलदायी है जिससे समस्त कार्य में सफलता मिलती है। इतना ही नहीं पूजा अर्चना करने से समस्त पाप नष्ट होते हैं तथा अहंकार एवं अज्ञानता दूर होती है, और अभीष्ट फल की प्राप्ति होती है। विधायक मनदीप चटठा ने कहा कि महंत बंसी पुरी महाराज द्वारा दक्षिणा काली पीठ में भगवान पक्षीराज शरभ का प्रत्येक वर्ष प्रकट उत्सव समारोह आयोजित होता है। स्वामी खटवांग पुरी ने बताया कि श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज के सानिध्य में भगवान पक्षीराज का प्रकट उत्सव दिवस मनाया गया और महिला मंडल की श्रद्धालुओं द्वारा भजन कीर्तन कर समा बांधे रखा। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

#### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर महंत भीम पुरी, महंत महेश मुनि, थानापति स्वामी खटवांग पुरी, ज्ञानेश्वर महाराज, परमानंद पुरी, धर्मराज पुरी, विंकल शर्मा, अवतार वालिया, राकेश बधवार, सुखबीर ग्रेवाल, उमाकांत शास्त्री, सरपंच विकल कुमार चौबे, अनिल बंसल, जगीर मोर, रोशन शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, विकास गर्ग, अनाज मंडी के प्रधान नवीन गर्ग, परमानंद चौबे सहित अनेक संत महात्मा, ब्राह्मण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।*

## एचकेआरएन के हटाए गए कर्मचारियों को वापस नौकरी पर रखने की मांग

*कर्मचारी 20 मई की राष्ट्रीय हड़ताल में लेंगे हिस्सा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर जिला कार्यकारिणी द्वारा हरियाणा के सभी मंत्रियों को ज्ञापन देने का कार्यक्रम की कड़ी में कुरुक्षेत्र में भी तीन जिलों के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा गया। अध्यक्षता संयुक्त रूप से ओमप्रकाश जिला प्रधान कुरुक्षेत्र, शिव चरण जिला प्रधान कैथल ने की व संचालन जिला सचिव करनाल सेवा राम ने किया। प्रोग्राम को जरनैल सिंह राज्य उप प्रधान सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि सरकार द्वारा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से लगे कर्मचारियों को नौकरी से हटाए जाने पर अपना कडा विरोध जताया है। आज मुख्यमंत्री के कुरुक्षेत्र कैम्प कार्यालय पर तीनों जिलों के पदाधिकारियों ने इकट्ठा होकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। इन मुद्दों के साथ-साथ पेंशन नीति, वेतन आयोग, रेगुलराइजेशन, श्रम कानून में मजदूर-कर्मचारी विरोधी बदलाव, निजीकरण, बढ़ती मंहगाई व राज्य के कर्मचारियों की सभी मांगों को लेकर प्रदेश के तमाम कर्मचारी केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों, कर्मचारी संघों व अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 20 मई की राष्ट्रीय हड़ताल में भाग लेंगे।

### साइबर धोखाधड़ी की सूचना देने के लिए डायल करें 1930 : उपायुक्त

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को ध्यान में रखते जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे मामलों की तत्काल सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क सकते हैं। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पिछले कुछ सालों से लोगों में ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेज के कारण अक्सर लोग सोशल मीडिया पर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या फिर इनामी विज्ञापनों के झांसे में आ जाते हैं। ऐसे में पहले यह सुनिश्चित कर लें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर संभव है तो कोशिश करें कि ऑनलाइन साइट्स से सामान मंगवाते समय कैश ऑन डिलीवरी का ऑप्शन चुने ताकि आपकी बैंक और कार्ड डिटेल साइबर अपराधियों के हाथ न लग सके।

## मानसून से पहले नालों-नहरों की सफाई करें सुनिश्चित अधिकारी : नेहा सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने आगामी मानसून के मौसम में जिले में जलभराव रोकने के लिए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कि वे अपने क्षेत्रों में नालों की सफाई और नहरों की डिसिल्टिंग करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा बाढ़ नियंत्रण के लिए चल रही परियोजनाओं की निरंतर समीक्षा करें और समयबद्ध तरीके से उन परियोजनाओं को पूरा करवाना सुनिश्चित करें। यदि किसी परियोजना में कोई कमी पाई जाती है या परियोजना में किसी प्रकार की देरी होती है, संबंधित अधिकारियों की जिम्मेवारी तय करते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला में स्टोन स्टड, स्टोन स्टीनिंग, नालों की रीमॉडलिंग, स्थायी पंप हाउसों के निर्माण, निचले इलाकों में पाइपलाइन बिछाने और बाढ़ के पानी को नालों में गिराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी नदी के जो तटबंध गांवों की तरफ लगते हैं, उन तटबंधों की मजबूती पुख्ता की जाए। इसके अलावा, भूमि कटाव को रोकने के लिए पत्थर के स्टड बनाएं जाएं। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़ी संख्या में बनाए गए स्टोन स्टड की समीक्षा करने के निर्देश दिए ताकि जरूरत के अनुसार समय पर मरम्मत की जा सके।

#### सरस्वती नदी में नहीं गिरना चाहिए प्रदूषित पानी



*उपायुक्त ने कहा कि सरस्वती नदी में सीवेज का पानी या प्रदूषित नाला नहीं गिरना चाहिए क्योंकि सरस्वती नदी को साफ करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमें सीवेज के पानी के बहाव के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वे जिले में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करें ताकि प्रदूषित पानी को सरस्वती नदी में जाने से रोका जा सके। उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में सिंचाई के लिए उपलब्ध पानी का समान व समुचित वितरण सुनिश्चित किया जाए।*

## निराश्रित बच्चों को दी जा रही प्रति माह 1850 की वित्तीय सहायता : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लम्बी सजा, जोकि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं और जिनके माता-पिता, अभिभावक की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है। वह बच्चा हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता का लाभ पात्र है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त विभाग द्वारा एक परिवार में दो बच्चों तक 1850 प्रति माह प्रति बच्चा पेंशन प्रदान की जा रही है।

#### योजना का लाभ लेने के लिए जरूरी दस्तावेज

उपायुक्त ने कहा कि इस योजना का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति के पास बेसहारा होने का प्रमाण पत्र, बच्चों के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र व आवेदक का 5 वर्ष या उससे अधिक की अवधि का हरियाणा राज्य में निवासी होने का दस्तावेज जैसे कि फोटोयुक्त वोटर कार्ड या राशन कार्ड आदि की स्वयं सत्यापित फोटो प्रति सहित परिवार पहचान पत्र होना आवश्यक है।

## सांसद नवीन जिंदल किसानों के कल्याण के लिए प्रयासरत: गोल्डी

*केयू में आयोजित किसान मेले का समापन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



नवीन जिंदल फाउंडेशन और इरमा आईसीड के संयुक्त तत्वावधान में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के प्रांगण में आयोजित किसान मेले का उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। किसान मेले के समापन कार्यक्रम में तेजिंदर सिंह गोल्डी ने सांसद नवीन जिंदल को एक कर्मठ और समाजसेवी व्यक्तित्व बताते हुए कहा कि सांसद नवीन जिंदल अपने पिता स्व. श्री ओपी जिंदल से प्रेरणा लेकर समाज सेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय हैं। सांसद नवीन जिंदल किसानों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल की प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की यह पहल सराहनीय है और आने वाले समय में यह एक मील का पत्थर साबित होगी और रंग लाएगी। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों के साथ-साथ नवीन जिन्दल टीम के सदस्य, प्रगतिशील किसान, नवाचार कर रहे युवा स्टार्टअप प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, वॉलंटियर तथा अनेक गणमान्य अतिथि शामिल हुए। समापन समारोह में प्रगतिशील किसानों, स्वयं सहायता समूहों और नवाचार करने वाले स्टार्टअप प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर सांसद नवीन जिन्दल के मीडिया सलाहकार डॉ. राज कुमार ने मेले की उपलब्धियों के साथ-साथ आगामी योजनाओं की जानकारी दी।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में सशस्त्र बलों ने दुश्मन को दिया करारा जवाब : सुधा

- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गर्व और संतोष व्यक्त किया


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गर्व और संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी और निर्णायक नेतृत्व में देश के सशस्त्र बलों ने दुश्मन को करारा जवाब दिया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता हमारे राष्ट्रीय संकल्प और एकजुटता का प्रतीक है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि इस सफल सैन्य अभियान के लिए वे प्रधानमंत्री और भारतीय सशस्त्र बलों को हार्दिक बधाई देते हैं, जिन्होंने अपने अदम्य साहस और रणनीतिक दक्षता से देश के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज वैश्विक मंच पर एक सशक्त, स्वाभिमानी और निर्णायक राष्ट्र के रूप में उभरा है। उन्होंने ने नागरिकों का भी विशेष रूप से आभार प्रकट किया, जिन्होंने केंद्र और राज्य सरकार तथा स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर मॉक ड्रिल और अन्य तैयारियों में सक्रिय सहभागिता कर सरकार और प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## सुख समृद्धि और आध्यात्मिकता का आधार है बुद्ध पूर्णिमा : डॉ. मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश वास्तु व ज्योतिष आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि वैशाख मास की पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा भी कहा जाता है। मान्यता है कि इसी तिथि पर भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था और इसी दिन उन्हें बोधिगया में तपस्या के आधार पर आत्म ज्ञान प्राप्त हुआ था। इस बार बुद्ध पूर्णिमा 12 मई 2025 सोमवार को है। महात्मा बुद्ध भगवान विष्णु का नौवां अवतार हैं। इस दिन भगवान विष्णु और धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और घर में सुख समृद्धि और आरोग्यता का वास होता है। पूर्णिमा तिथि पर पवित्र नदियों में स्नान का विशेष महत्त्व माना गया है। बुद्ध पूर्णिमा के दिन प्रातः काल में स्नान के बाद सूर्यदेव को अर्घ्य दें और बहते जल में तिल प्रवाहित करें। प्रत्येक माह की पूर्णिमा जगत के पालनकर्ता भगवान विष्णु को समर्पित होती है। इस दिन पीपल के वृक्ष को भी जल अर्पित करना चाहिए। रात्रि को चन्द्रमा दर्शन अवश्य करें। बुद्ध पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना करने से श्रीहरि का आशीर्वाद अपने भक्तों पर हमेशा बना रहता है। इस दिन स्नान दान का भी विशेष महत्व है, कहा जाता है कि बुद्ध पूर्णिमा के दिन पवित्र नदी में स्नान कर ब्राह्मण को दान करने से पापों का नष्ट होता है।

### शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि



**कुरुक्षेत्र।** आर.एम.पी. एसोसिएशन रजि. कुरूक्षेत्र द्वारा नई अनाज मंडी में एक विशेष मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें सिंदूर आप्रेशन के तहत शहीद हुए जवानों के लिए 2 मिनट का मौन धारण करके श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एसोसिएशन के प्रधान जसवंत सगरोहा ने कहा कि हमारी एसोसिएशन हर संकट में प्रशासन के कंधे से कंधा मिला कर चलेगी और मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार चोबीस घंटे हर प्रकार की प्राथमिक सहायता के लिए तैयार रहेंगी। इस अवसर पर धर्मवीर राई, महिन्द्र मथाना, सतनारायण शर्मा, राम कुमार सरोहा, संजीव शर्मा मथाना, लाभ सिंह, संजीव जास्ट, नैब राठी, हरबंस चट्ठा, पवन खैर एवं अन्य गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

## गांव कोलापुर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

# याददाश्त का दुश्मन है तनाव : डॉ. हिमांशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




कुरुक्षेत्र। कैंप में मौजूद चिकित्सक।

डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र द्वारा चलाये जा रहे 'जन सेवा की ओर एक कदम-आपका स्वास्थ्य हमारा लक्ष्य' अभियान के तहत शिव मंदिर, गांव कोलापुर में निःशुल्क सामान्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर लगाया गया। शिविर मे प्रसिद्ध ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ हिमांशु जैन ने कहा कि हमें अपने ब्लड प्रेशर की समय समय पर जांच करवाते रहना चाहिए, ताकि उच्च रक्तचाप से होने वाले रोगों से बचा जा सके। उन्होंने ब्रेन से सम्बंधित रोगों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। डॉ जैन ने बताया कि मनुष्य में अल्जाइमर रोग एसीटिलकोलीन की कमी से सम्बन्धित होता है। इस रोग में मस्तिष्क कोशिकाएं (न्यूरॉन) नष्ट हो जाती हैं, जिस कारण प्राथमिक स्मृति, निर्णय एवं तर्क की क्षमता, गति समन्वय एवं पहचाने की क्षमता इत्यादि का ह्रास हो जाता है। उम्र बढ़ने के साथ-साथ यादाश्त कमजोर होना बहुत आम बात है। कुछ लोग इसे अल्जाइमर समझ कर परेशान हो जाते हैं, जबकि ये तनाव या फिर अकेले रहने के डिप्रेशन से भी जुडा हो सकता है। उन्होंने बताया कि यादाश्त को बढ़ाने के कई तरीके उपलब्ध हैं, जिससे इस बीमारी पर काफी हद तक काबू पाया जा सकता है। किताब पढ़ने, सुडोकू, क्रॉसवर्ड, पजल्स या फिर बोर्ड गेम्स जैसी चीजें खेलने को देते हैं। इसके अलावा लाइफ स्टाइल को बेहतर बनाने पर जोर दिया जाता है।

#### 117 रोगियों का किया चेकअप

डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में लगे इस 1999वें निशुल्क कैंप में 117 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई। इस अवसर पर सरपंच बलजिंदर ने डॉ हिमांशु जैन, डॉ राजेश कुमार एम.डी.मेडिसिन, डॉ संजय शर्मा, डॉ प्रीति का अभिनन्दन करते हुए कहा कि गांव में ऐसे विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति हमारे लिए सौभाग्य की बात है। स्वास्थ्य जैसे विषय पर जागरूकता फैलाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। हम चाहते हैं कि हर ग्रामीण व्यक्ति समय रहते जांच और परामर्श ले सके। शिविर में मुकेश सैनी पंच, मोनिका कोऑर्डिनेटर, अंजू जी.एन.एम., रिया, प्रवीण, सौरभ, मोहित, अजय, कुलदीप, आजाद, लखविंदर, बलकार इत्यादि ने योगदान दिया।

## खबर संक्षेप

### झूठ, फरेब पाकिस्तान के हथियारः विज

**अंबाला।** पाकिस्तान के युद्ध विराम होने के बाद व फिर उसका उलंघन करने के बाद देश गुस्से मे हैं। उसी को लेकर परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने पाकिस्तान को उसकी इस हरकत पर उसे "ना-पाकिस्तान" कहा है। उन्होंने कहा कि झूठ, फरेब, धोखेबाज़ी पाकिस्तान के हथियार हैं, हमारी शीर्ष नेतृत्व इस पर नज़र रखे हुए हैं। विज ने कहा कि यह पाकिस्तान नहीं है यह ना-पाकिस्तान है, झूठ, फरेब, छल व धोखेबाजी इसके हथियार है। हमारा शीर्ष नेतृत्व व फौजें इसपर नजर रखे हुए हैं। समय आने पर जो कार्रवाई करनी होगी वह की जाएगी।

### गेहूं का 99.6 फीसदी उठान पूरा

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले मे 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर सरकारी व अन्य एजेंसियों द्वारा अब तक 244621.8 मीट्रिक टन गेहूं को खरीद लिया हैं। इन मंडियों में अब तक 52892 किसान गेहूं लेकर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा इन मंडियों में एजेंसियों द्वारा गत दिवस तक 99.6 प्रतिशत के साथ 243572 मीट्रिक टन गेहूं के उठान कार्य को पूरा कर लिया है।

### एंटी टीजिंग जागरुकता अभियान आयोजित

**थानेसर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में दयानंद महिला महाविद्यालय में एंटी टीसिंग जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जागरूकता अभियान में विद्यार्थियों को छेड़छाड़ को रोकने के लिए जागरूक किया।

### ट्रक ने मारी टक्कर बाइक सवार दो घायल

**जींद।** नरवाना के हरियल चौक पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवक घायल हो गए। गांव सच्चाखेड़ा निवासी अभिषेक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त सुमित के साथ स्कूटी पर सवार होकर नरवाना जा रहा था। हरियल चौक पर तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए।

### 11.15 ग्राम हेरोइन के साथ बाइक सवार काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने नरवाना में बडनपुर टी प्वायंट पर एक बाइक सवार व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 11.15 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपित हेरोइन स्पलाई के लिए ग्राहक का इतंजार कर रहा था। सूचना के आधार पर पुलिस जब चमेला कलोनी के निकट बडनपुर टी प्वायंट पर पहुंची तो एक युवक बाइक पर बैठा दिखाई दिया। युवक के कब्जे से 11.15 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### नकदी तथा जेवर के साथ महिला गायब

**जींद।** धर्मसिंह कालोनी से महिला के नगदी व जेवर के साथ गायब होने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। धर्मसिंह कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत नौ मई को उसकी 32 वर्षीय पत्नी चार बच्चों को छोड़ कर घर से गायब हो गई। इसके अलावा घर बीस हजार रुपये की नगदी, सोना, चांदी के जेवरात भी गायब हैं।

---

### आपदा को लेकर आयोजित कैंप में युवाओं को बचाव की दी गई ट्रेनिंग

# हवाई हमला होने पर बजेगा सायरन, बम धमाका होने पर कान बंद कर जमीन पर लेटें

## जख्मी होने पर दिए प्राथमिक उपचार के टिप्स, अंबाला शहर व छावनी में युवाओं को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

आपदा से बचाव को लेकर अंबाला छावनी के एसडी कॉलेज में वालंटियर्स के लिए ट्रेनिंग एवं रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में एसडीएम छावनी विनेश कुमार, नगरपालिका अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उपाध्यक्ष ललिता प्रसाद, डीएसपी अंबाला छावनी रमेश कुमार विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस मौके पर काफी संख्या में युवाओं ने आगे आकर रजिस्ट्रेशन करवाया। कैंप के दौरान एसडीआरएफ, रेडक्रॉस, पुलिस, फायर, होमगार्ड के जवानों के साथ अन्य विभागों के कर्मचारियों ने युवाओं को आपदा में बचाव की ट्रेनिंग दी। एसडीएम विनेश कुमार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत-पाक सीमा पर जो हालात बने हैं उसको देखते हुए प्रशासन द्वारा ट्रेनिंग का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा में एक-एक मिनट बहुत महत्वपूर्ण होता है। मॉक ड्रिल के माध्यम से बचाव की तमाम सावधानियों से युवाओं को अवगत करवाया गया।




अंबाला। आपदा के समय युवाओं को घायल होने पर प्राथमिक उपचार देने की ट्रेनिंग देते कर्मचारी व कैंप में मौजूद युवा। फोटोः हरिभूमि

### संयम रखने की जरूरत

उन्होंने कहा कि ऐसे समय में हमें घबराना नहीं होती। संयम रखना व खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत रखना बड़ी बात होती है। उन्होंने बताया कि जब भी हवाई हमले की आशंका होती है तो उससे पहले सायरन बजता है। उसके मुताबिक यदि दिन के समय सायरन बजता है तो ऐसे समय में कोशिश करें कि हम घर पर ही रहें। बालकनी से दूर रहें। छतों पर न जाएं, यदि आप किसी वाहन के अंदर हैं तो वाहन को पार्क करें और आस पास की इमारतों, अंडर पास या भूमिगत पार्किंग में शरण लें। इसके साथ-साथ यदि रात में कोई आपदा आती है तो उस समय तुरंत लाइटें बंद कर दें। जनरेटर व इनवर्टर से कोई भी बाहर की लाइट न जलाएं। स्ट्रीट लाइटें बंद रखें। खुले क्षेत्रों में मोबाइल फोन व फ्लैश लाइटों या किसी भी प्रकाश उत्सर्जक उपकरण का प्रयोग करने से बचें। यदि वाहन के अंदर है तुरंत वाहन की लाईट बंद कर लें।

### लिंक पर क्लिक ने करें

साइबर अटैक को लेकर उन्होंने बताया कि ऐसे समय में कोई भी यदि आपको मोबाईल पर कोई संदेश व लिंक भेजता है तो उसे डाउनलोड न करें। न ही उसे शेयर करें। भ्रामक प्रचार से दूर रहें। अफवाहों से बचें। ऐसी सावधानियां एवं हिदायतें बरतकर आपदा से काफी हद तक बचाव किया जा सकता है।

### एसडीआरएफ टीम ने सिखाया

इस मौके पर एसडीआरएफ की टीम ने मॉक ड्रिल से घायल व्यक्ति को कैसे बाहर निकाला जा सकता है। प्राथमिक उपचार के साथ-साथ अस्पताल पहुंचाने की गतिविधि को मॉक ड्रिल के माध्यम से दर्शाया गया। उन्होंने इस मौके पर बताया कि यदि कोई भी बम का धमाका होता है उस समय कान बंद कर लें। आंख बंद कर लें, नीचे धरती पर लेट जाएं। इसी प्रकार फायर ब्रिगेड से आए अधिकार पंकज पराशर ने भी अग्नि बचाव एवं आपदा बारे महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर भी ऐसा हादसा हो जाता है तो उस समय फायर विभाग लैंडलाईन नंबर 0171-2630999 पर इसकी सूचना दें। जिस चीज से आग लगी है कोशिश करें उसे वहां से हटाएं। इसके साथ-साथ डेमो के माध्यम से भी उन्होने महत्वपूर्ण जानकारी युवाओं को दी। रेडक्रॉस से आए कार्यक्रम अधिकारी मनोज सैनी व एनके शर्मा ने प्राथमिक उपचार व सीपीआर से जुड़ी जानकारी दी। मौके पर सचिव राजेश कुमार, परमजीत, श्याम सुंदर अरोड़ा, नेहरू युवा केंद्र से अर्शप्रीत कौर, नायब तहसीलदार सुनील कुमार, एसएचओ अजैब सिंह, डीएसओ राजबीर भी उपस्थित रहे।

---



बराड़ा। पदक जीतने वाले विद्यार्थी स्टाफ़ साथ।

# आर्य स्कूल के छात्रों ने कराटे में लहराया परचम

- 7 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक व 3 कांस्य पदक किए अर्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

बिलासपुर के न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में एक अंतर-विद्यालय कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस आयोजन का सफल संचालन यूनाइटेड कराटे एसोसिएशन यमुनानगर के सौजन्य से हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपने बेहतरीन कौशल का प्रदर्शन किया।बराड़ा स्थित आर्य पब्लिक स्कूल के 13 उत्साही छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर स्कूल का गौरव बढ़ाया।

उनके शानदार प्रदर्शन के फलस्वरूप स्कूल ने 7 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक तथा 3 कांस्य पदक अर्जित किए। इस उपलब्धि ने न केवल छात्रों की मेहनत और समर्पण को प्रमाणित किया, बल्कि स्कूल के उत्कृष्ट प्रशिक्षण और प्रेरणा देने वाले वातावरण को भी उजागर किया।छात्रों की इस शानदार सफलता के पीछे कोच युवराज तथा अध्यापिका पूनम का विशेष योगदान रहा। उन्होंने बच्चों का मनोबल बढ़ाया, उन्हें कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया और प्रतियोगिता के दौरान उनका उत्साहवर्धन भी किया। उनकी मेहनत का ही परिणाम रहा कि छात्रों ने कठिन मुकाबलों में आत्मविश्वास और साहस का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। प्रतियोगिता के बाद जब विजयी छात्र लौटे, तो स्कूल स्टाफ़ ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

आर्य पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य साहिल वर्मा ने बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का जीवन में विशेष महत्व है। उन्होंने छात्रों को भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। अंत में इस शानदार उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकगण व अभिभावकों ने विजयी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

---

# 120 श्रद्धालुओं ने किया रक्तदान

- कहा माता सुदीक्षा महाराज के संदेश को पर कर रहे हैं जनसेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज का संदेश है कि अपने जीवन का हर पल मानवता की सेवा के लिए समर्पित करें। निरंकारी भक्तों द्वारा इसी संदेश का आह्वान करते हुए रक्तदान शिविरों आयोजन किया जा रहा है। रविवार को संत निरंकारी सत्संग भवन शहजादपुर मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 3 महिलाओ सहित 120 श्रद्धालुओं ने रक्तदान कर अपना बहुमूल्य योगदान दिया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन स्थानीय मुखी सतीश कुमार ने अपने कर कमलों द्वारा किया। इस मौके पर उन्होंने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे रक्तदान कर सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उसंत निरंकारी मिशन में आध्यात्मिक उत्थान के साथ-साथ सामाजिक कल्याण गतिविधियां भी शामिल हैं। इनमें मुख्य रूप से रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, महिला एवं बाल विकास के सशक्तिकरण के लिए सुव्यवस्थित योजनाएं, मुफ्त नेत्र जांच शिविर और जरूरतमंदों की मदद करना शामिल है। इस रक्तदान शिविर में सिविल अस्पताल अंबाला छावनी से डॉक्टर संजय के नेतृत्व मे 20 मेंबर्स टीम ने रक्त एकत्रित किया।



नारायणगढ़। शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता। फोटोः हरिभूमि

---

# तालाब व महावीर पार्क का फंड रोकने का आग्रह

- विधायक निर्मल सिंह ने मेयर को लिखा पत्र, कहा अगर निर्माण हुआ तो भ्रष्टाचार से नहीं उठ पाएगा पर्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर विधायक निर्मल सिंह ने अब मेयर शैलजा सचदेवा से नौरंगराय तालाब व महावीर पार्क के पुनर्निर्माण कार्य को रुकवाने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर शिकायत के बाद इनमें काम करवाया जाए तो अनियमितताओं पर पर्दा डाला जा सकता है।

दरअसल निर्मल सिंह ने शहर के भगवान नौरंग राय पवित्र सरोवर और महावीर पार्क में अब तक हुए निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के इस्तेमाल और निर्माण मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया है।



नौरंगराय तालाब का दृश्य।

उन्होंने अब इस मामले में एंटी क्रप्शन ब्यूरो को पत्र लिखकर इसकी जांच करने को कहा है। अब उन्होंने इन दोनों जगहों पर हो रहे काम को रुकवाने के लिए मेयर को पत्र लिखा है।

सिंह ने पत्र में मांग की है कि जब तक हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भगवान नौरंग राय पवित्र सरोवर और महावीर पार्क की जांच पूरी नहीं कर लेता, तब तक निर्माण के लिए दोबारा पास की गई 4.50 करोड़ रुपये की राशि रोकी जाए, ताकि जांच प्रभावित न हो।

### यह है पूरा मामला

निर्मल सिंह ने दोनों जगहों पर पहले हुए कार्यों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एसआईबी को पत्र लिखकर इसकी जांच की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि पिछले 10 सालों से भगवान नौरंग राय पवित्र प्राचीन सरोवर और श्री महावीर पार्क के नाम पर सरकारी खजाने से लाखों रुपये खर्च किए गए लेकिन इन कार्यों की गुणवत्ता और क्रियान्वयन शर्मनाक है। घटिया सामग्री का इस्तेमाल, निर्माण में मापदंडों की अनदेखी और सरकारी धन का खुला दुरुपयोग इस बात का सबूत है कि इन परियोजनाओं को कुछ अधिकारियों, नेताओं और ठेकेदारों ने लूट का अड्डा बना दिया है। उन्होंने इस घोटाले को जनता और उनकी धार्मिक आस्था के साथ विश्वासघात करार दिया और कहा कि यह आम नागरिकों के अधिकारों और उनकी पवित्र भावनाओं को लूटने की एक सुनियोजित साजिश है। निर्मल सिंह ने कहा कि अंबाला की जनता को पवित्र सरोवर की निर्मलता और सुंदर पार्क का सपना दिखाकर कुछ भ्रष्ट लोग सरकारी खजाने को दोनों हाथों से लूट रहे हैं। भगवान नौरंग राय पवित्र प्राचीन सरोवर, जो हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक है, और लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है। उसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया। महावीर पार्क की हालत भी कुछ अलग नहीं है। ये परियोजनाएं जनता और उनकी धार्मिक भावनाओं के लिए नहीं, बल्कि ठेकेदारों और अधिकारियों की जेब भरने का जरिया बन गई हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर क्यों इन कार्यों में पारदर्शिता नहीं बरती गई और क्यों बार-बार एक ही ठेकेदारों को लाभ पहुंचाया गया।

---

# साइबर फ्रॉड को लेकर किया जागरूक

- एसएचओ बोले जागरुक होने पर ही फ्रॉड से हो सकता है बचाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

बराड़ा पुलिस की ओर से रविवार को उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया जिसमें थाना प्रभारी प्रमोद कुमार एवं चौकी इंचार्ज विश्व बंधु ने स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य व्यक्तियों के साथ संवाद किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य लोगों को ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में सतर्क करना और भारत-पाक सीमा पर वर्तमान में बने तनावपूर्ण हालातों के प्रति सजग करना था। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। नागरिकों को किसी भी अज्ञात नंबर से आई कॉल या मैसेज के माध्यम से बैंक संबंधित जानकारी सांझा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने समझाया कि साइबर अपराधी खुद को बैंक अधिकारी या सरकारी कर्मचारी बताकर आम लोगों से ओटीपी, बैंक डिटेल्स, पैन कार्ड व आधार नंबर की जानकारी मांगते हैं। उनके खातों से पैसे उड़ा लेते हैं। पुलिस अधिकारी ने लोगों से आग्रह किया कि वे सतर्क रहें और ऐसे किसी भी प्रयास की सूचना तुरंत पुलिस को दें। चौकी इंचार्ज विश्व बंधु ने भारत-पाक सीमा पर चल रहे तनाव की स्थिति के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है और ऐसे समय में हर नागरिक की जिम्मेदारी बनती है कि वह समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करे। उन्होंने बताया कि सीमा पर जारी हलचल को लेकर कई अफवाहें फैल रही हैं जिन्हें गंभीरता से लेने के बजाय अधिकृत सूत्रों से प्राप्त जानकारी पर ही विश्वास करें।



बराड़ा। जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी। फोटोः हरिभूमि

---

# परमात्मा के बिना मानव का अस्तित्व नहीं

- दिव्य ज्योति जागृति संस्थान में पूर्णिमा को सत्संग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान हुसैनी रोड स्थित आश्रम में शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें सर्व आशुतोष महाराज की परम शिष्या साध्वी सुश्री उमा भारती और रेनू भारती ने साध संगत को बताया कि मनुष्य को हमेशा कर्म में लगे रहना चाहिए। कभी भी कर्म के बदले मिलने वाले फल की आशा नहीं छोड़नी चाहिए क्योंकि कर्म करना हमारा धर्म है,तो फल पाना हमारा सौभाग्य है। जिस प्रकार तेज हवा के कारण सागर में बड़ी-बड़ी लहरें उठती हैं और फिर सागर में समा जाती हैं उनका अलग अस्तित्व नहीं होता। इसी प्रकार परमात्मा के बिना मानव का भी कोई अस्तित्व नहीं है। कभी भी अपने अंदर अभिमान को जन्म न दे। एक छोटी सी चींटी शक्कर के दानों को बीन सकती हैं परन्तु एक विशालकाय हाथी ऐसा नहीं कर सकता।मोह माया मे फंसा जीव भटकता रहता है। इस माया को बनाने वाला ही मुक्ति दाता हैं। जिस प्रकार भ्रम के कारण सांप और रस्सी तथा सोने के गहने और सोने में अंतर नहीं जाना जाता किंतु भ्रम दूर होते ही इनका अन्तर ज्ञात हो जाता है। उसी प्रकार अज्ञानता के हटते ही मानव आत्मा, परमात्मा का मार्ग जान जाती हैं,तब परमात्मा और मनुष्य में कोई भेदभाव नहीं होता। उन्होंने कहा कि संसार में हम छोटे से छोटा कार्य भी गुरु के दिशा निर्देश के सफलतापूर्वक सिद्ध नहीं कर सकते तो हम बिना गुरू के अपने कर्म संस्कारों और बिगड़ी हुई आदतों को केवल अपने पुरुषार्थ से सुधार सकते हैं। इसके मूल मानवीय हृदय का ब्रह्म ज्ञान रूपी अमृत से सिंचित होगा। तभी वह धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष रूपी फल प्रदान करने वाला होगा।



नारायणगढ़। प्रवचन देती साध्वी उमा व रेनू भारती।

---

### अमेरिका में रह रहा दोस्त बता लगाया 2.55 लाख का चूना

**जींद।** अमेरीका में रह रहा दोस्त बन कर एक व्यक्ति द्वारा दो लाख 55 हजार रुपये का चूना लगाने पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दालमवाला निवासी सुशील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत चार मई को उसके फोन पर अनजान नंबर से व्हाट्सअप कॉल आई। जिस पर अमेरीका में रह रहे उसके दोस्त सुरेंद्र की डीपी लगी थी। बातचीत के दौरान उसने बताया कि उसका वीजा एक्सपायर हो रहा है। जिसकी समयावधि बढवानी जरूरी है। एजेंट को रुपये देने पड़ेंगे। जिस पर उसने उसके द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड से एक लाख रुपये डाल दिए। जिसके बाद उसने उसने फिर से यूपीआइडी से एक लाख रुपये भेज दिए। जिसके बाद उसने 55 हजार रुपये और भेजे। बावजूद इसके रुपये की डिमांड बढ़ती चली गई। जिस पर उसे संदेह हुआ कि किसी व्यक्ति ने विदेश मे बैठ कर दोस्त बन कर उसके साथ दो लाख 55 हजार रुपये की धोखाधड़ी की है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

### पूर्व विधायक ने ग्रामीण क्षेत्र में व्यायामशालाएं खोलने का किया आग्रह

# 30 सड़कों का होगा निर्माण, सीएम के सामने रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सिंह सैनी से की मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर कई मांगें सीएम के सामने रखी। सैनी ने बताया कि वैसे तो मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को विधानसभा क्षेत्र की मांगों पूरी जानकारी है। मुख्यमंत्री ने यहां से विधायक एवं राज्य मंत्री रहते कई विकास के कार्य करवाए थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के पास अब बतौर सीएम पूरे प्रदेश की जिम्मेवारी है। ऐसे में उनकी जिम्मेवारी बढ जाती है कि वे सीएम से मिल कर क्षेत्र के लोगों की मांगे एवं विकास कार्य उनके सामने रख उन्हें पूरा करवाएं। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि भगवान नारायण की नगरी हर क्षेत्र में अग्रणी हल्का बने। पूर्व विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री के सामने उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की 30 सडक़ों के निर्माण की मांग रखी जिन पर लगभग 34 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इनकी अप्रूव्ल जल्द मिल जाएगी। अप्रूव्ल मिलने के बाद इन सडक़ों का नवीनीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य जल्द शुरू होगा।

इस दौरान यहां पॉलिटेक्निक संस्थान की स्थापना की मांग रखी जिससे क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के बेहतर अवसर मिल सकें। स्थानीय स्तर पर परिवहन विभाग के डिपो की स्थापना की मांग रखी गई ताकि लोगों को ओर अधिक बेहतर यातायात सुविधा मिल सके। युवाओं को खेलों में प्रोत्साहित करने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यहां खेल मैदान व व्यायामशालाओं का निर्माण करवाने की मांग की गई।उन्होंने बताया कि कई गांवों और शहरी क्षेत्रों में सडक़ों को दुरुस्त करने की आवश्यकता बताई गई। ग्रामीण विकास के लिए गांवों को ग्रांट उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की जनता की सभी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी।।



अंबाला। मुख्यमंत्री से मुलाकात करते पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी।

---

### गेहूं उठान न होने से आढ़ती परेशान

**राजौंद।** राजौंद अनाज मंडी में गेहूं खरीद का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि उठान का कार्य भी 90 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। मार्केट कमेटी सचिव ओमप्रकाश ने बताया है कि राजौंद अनाज मंडी में अब की 6 लाख 67 हजार 671 किवंटल गेहूं की मंडी में खरीद की गई। जबकि मंडी में 6 लाख 4 हजार किवंटल गेहूं का उठान कर लिया गया है। मंडी में अब 63671 किवंटल उठान बाकी है। किठाना अनाज मंडी व जाखौली तथा सेरधा में भी कार्य पूरा कर लिया गया है। गेहूं के सीजन में अबकी बार किसानों को कोई परेशानी नहीं आने दी गई गेहूं खरीद का कार्य काफी दिन पहले ही पूरा हो चुका है उठान का कार्य भी 10 प्रतिशत रह गया है जिसे जल्दी पूरा कर लिया जाएगा।